Bareilly, Thursday, 18 November 2021
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 04 BOTTOM

एसआरएमएस में स्पोर्ट्स मीट का आगाज

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (17 Nov): श्री राममूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में बुधवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'हुंकार' का शुभारंभ हुआ. जिसमें बरेली स्थित सभी संस्थानों के 700 विद्यार्थियों ने भाग लिया. स्पोर्ट्स मीट के पहले दिन एसआरएमएस सीईटी, ईएमएस और सीईटीआर की टीमों के बीच क्रिकेट, टेबिल टेनिस, फुटबॉल, वॉलीबॉल और खो-खो मैच खेले गए. समिति के सचिव सोवन मोहंती ने बताया कि श्री राममूर्ति स्मारक ट्रस्ट द्वारा संचालित समस्त संस्थानों में विद्यार्थियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष स्पोर्ट्स मीट होती है. इस साल तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट हुंकार का शुभारंभ इंजीनियरिंग कालेज ग्राउंड में किया गया. ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल कोई भी हो उसे खेल भावना से ही खेलना चाहिए, हार जीत तो इसका एक हिस्सा है. इस मौके पर इंजीनियर सुभाष मेहरा, आइएमएस प्राचार्य डा. एसबी गुप्ता आदि रहे.